हि0 प्र0 आवास बोर्ड मंडल, धर्मशाला जिला कांगड़ा के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन ।

अंकेक्षण की अवधि 4/95 से 3/96

भाग-I

1. गत अंकेक्षण प्रतिवेदन:-

गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों में सम्मिलित निपटाए गए तथा अनिर्णीत पड़े पैरों का विवरण निम्न दिया जाता है । अनिर्णीत पड़े पैरों के शीघ्र निपटारे हेतु आवश्यक कार्यवाही करके अनुपालना से शीघ्र इस विभाग को अवगत करवाया जाए ।

(क) अवधि 4/84 से 3/85 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन:-

1. पैरा 4(1):- अनिर्णीत

(ख) अवधि 4/86 से 3/87 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन:-

1. पैरा 5(ई) :- अनिर्णीत

(ग) अवधि 4/87 से 3/88 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन :-

1. पैरा 5(ए)(1):- अनिर्णीत
2. पैरा 5(क्यू) :- अनिर्णीत
3. पैरा 6(डी) :- अनिर्णीत

(घ) अवधि 4/89 से 3/90 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन :-

1. पैरा 4(1)(सी) :- अनिर्णीत
2. पैरा 4(7)(ई) :- अनिर्णीत
3. पैरा 4(21)(सी):- निर्णीत
4. पैरा 5(1,2,5,7 तथा 8):- अनिर्णीत
5. पैरा 5(10):- निर्णीत
6. पैरा 5(11,12):- अनिर्णीत
7. पैरा 6(3):- अनिर्णीत
8. पैरा 7(2)(सी से एफ0 तक):- अनिर्णीत
9. पैरा 7(3)(ए)(2):- अनिर्णीत
10. पैरा 8(6 और 17):- अनिर्णीत

(ड.) अवधि 4/90 से 3/91 तक को अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन:-

1. पैरा 4(10)(ग):- अनिर्णीत
2. पैरा 4(12):- अनिर्णीत
3. पैरा 6(5):- अनिर्णीत
4. पैरा 9(6) :- अनिर्णीत
5. पैरा 9(8) :- अनिर्णीत

लगातार पृष्ठ 2 पर.......

263

(च) अवधि 4/91 से 3/92 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन:-

1. पैरा 5(ङ)(1):- निर्णीत
2. पैरा 5(घ) :- अनिर्णीत
3. पैरा 7(क) :- अनिर्णीत
4. पैरा 10(ग) :- अनिर्णीत
5. पैरा 11(च) :- अनिर्णीत
6. पैरा 12(घ) :- निर्णीत

(छ) अवधि 4/92 से 3/93 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन :-

1. पैरा 4 :- अनिर्णीत
2. पैरा 5 :- अनिर्णीत
3. पैरा 6 :- अनिर्णीत
4. पैरा 10 :- अनिर्णीत
5. पैरा 11 :- अनिर्णीत
6. पैरा 17 :- अनिर्णीत

(ज) अवधि 4/93 से 3/94 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन :-

1. पैरा 6(ग) :- अनिर्णीत
2. पैरा 8 :- अनिर्णीत
3. पैरा 9 :- अनिर्णीत
4. पैरा 13(ख) :- अनिर्णीत
5. पैरा 16 :- अनिर्णीत
6. पैरा 19(1) :- आंशिक रूप से निपटाया गया ।
7. पैरा 21 :- अनिर्णीत
8. पैरा 22 :- अनिर्णीत
9. पैरा 24(ग):- अनिर्णीत
10. पैरा 25(क) :- अनिर्णीत
11. पैरा 25(घ) :- अनिर्णीत
12. पैरा 29 :- अनिर्णीत
13. पैरा 30 :- अनिर्णीत

(झ) अवधि 4/94 से 3/95 तक की अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन :-

1. पैरा 4 :- निर्णीत
2. पैरा 5 :- अनिर्णीत
3. पैरा 6 :- अनिर्णीत
4. पैरा 7 :- अनिर्णीत
5. पैरा 8 :- अनिर्णीत
6. पैरा 9 :- अनिर्णीत
7. पैरा 10 :- अनिर्णीत
8. पैरा 11 :- अनिर्णीत

लगातार पृष्ठ 3 पर......

34 185.00
35 855.00
23.00

:= 3 =:

264

9.	पैरा 12 :-	अनिर्णीत
10.	पैरा 13 :-	अनिर्णीत
11.	पैरा 14 :-	निर्णीत
12.	पैरा 15 :-	निर्णीत
13.	पैरा 16 :-	अनिर्णीत
14.	पैरा 17 :-	निर्णीत
15.	पैरा 18 :-	निर्णीत
16.	पैरा 19 :-	निर्णीत
17.	पैरा 20 :-	निर्णीत
18.	पैरा 21 :-	निर्णीत
19.	पैरा 22 :-	निर्णीत
20.	पैरा 23 :-	निर्णीत
21.	पैरा 24 :-	अनिर्णीत
22.	पैरा 25 :-	अनिर्णीत
23.	पैरा 26 :-	अनिर्णीत
24.	पैरा 27 :-	~~अनिर्णीत~~ निर्णीत
25.	पैरा 28 :-	अनिर्णीत
26.	पैरा 29 :-	निर्णीत
27.	पैरा 30 :-	अनिर्णीत
28.	पैरा 31 :-	अनिर्णीत
29.	पैरा 32 :-	आंशिक रूप से निपटाया गया ।
30.	पैरा 33 :-	अनिर्णीत
31.	पैरा 34 :-	आंशिक रूप से निपटाया गया ।
32.	पैरा 35 :-	अनिर्णीत
33.	पैरा 36 :-	निर्णीत
34.	पैरा 37 :-	निर्णीत
35.	पैरा 38 :-	निर्णीत
36.	पैरा 39 :-	निर्णीत
37.	पैरा 40 :-	निर्णीत
38.	पैरा 41 :-	अनिर्णीत
39.	पैरा 42 :-	अनिर्णीत
40.	पैरा 43 :-	निर्णीत
41.	पैरा 44 :-	अनिर्णीत
42.	पैरा 45 :-	निर्णीत
43.	पैरा 46 :-	अनिर्णीत

भाग-दो

2. वर्तमान अंकेक्षण :- अवधि 4/95 से 3/96 तक के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण जिसके परिणाम आगामी पैरों में दिए गए हैं, सर्वश्री पदम सिंह ... पृष्ठ 4 पर......

लेख राज चौहान, एस0 एस0 कश्यप तथा डी.एस. चौधरी, अनुभाग अधिकारियों द्वारा श्री होशियार सिंह, उप नियन्त्रक, के पर्यवेक्षण में दिनांक 10.12.96 से 24.12.96 तक धर्मशाला में किया गया। मास 9/95 तथा 3/96 के लेखाओं का विस्तृत जांच हेतु चयन किया गया तथा निम्न पैरों में वर्णित अभिलेख के अतिरिक्त समस्त अभिलेख लेखा परीक्षण में प्रस्तुत किया गया।

3. लेखा परीक्षण शुल्क:- निर्माण मण्डल, धर्मशाला के वर्ष 1995-96 के लेखाओं के लेखा परीक्षण शुल्क को राजकीय कोष में जमा करवाने हेतु हि0 प्र0 आवास बोर्ड मुख्यालय को पृथक से सूचित किया जाएगा।

4. अग्रिम :-

(क) कर्मचारी वर्ग को अग्रिम :- हि0 प्र0 आवास बोर्ड मण्डल, धर्मशाला के अधीन कार्यरत विभिन्न अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम निम्न अग्रिमों के रूप में निम्नलिखित राशियां दिनांक 31.3.1996 को समायोजन हेतु बकाया पड़ी थी। जिनका पूर्ण विवरण आवास बोर्ड के वार्षिक लेखाओं में वर्णित है अग्रिम राशियों को समय पर वसूल न करने की स्थिति को बोर्ड के प्राधिकारियों के ध्यानार्थ उचित कार्यवाही हेतु लाया जाता है। लेखा परीक्षण में यह भी पाया गया कि कुछ अधिकारी/कर्मचारी इस मण्डल से स्थानान्तरित भी हो चुके हैं परन्तु अग्रिम राशियों का समायोजन करवाने हेतु कोई भी प्रयास नहीं किए गए हैं। इस सम्बन्ध में वांछित कार्यवाही शीघ्र की जाए।

(1) स्थानान्तरण यात्रा अग्रिम :-	(-) 5554.00रुपये
(2) यात्रा भत्ता अग्रिम :-	1700.00रुपये
(3) स्टाफ अग्रिम :-	8601.00रुपये
(4) वेतन अग्रिम :-	(-) 4822.00रुपये

(ख) विविध अग्रिम :- हि0 प्र0 आवास बोर्ड मण्डल धर्मशाला के अधीन विभिन्न विभागों/संस्थाओं/फर्मों/ तथा कर्मचारियों के नामों पर दिनांक 31.3.1996 को मुबलिग 19,49,306.64रुपये की राशि समायोजनार्थ शेष पड़ी थी जिसका विवरण आवास बोर्ड के वार्षिक लेखाओं में दिया गया है। उपरोक्त अग्रिमों की समय पर वसूली/समायोजन नहीं करने की स्थिति बहुत ही चिन्ताजनक है क्योंकि इन अग्रिमों का बकाया उन द्वारा अपने पास बिना किसी औचित्य के ही रखना आपत्तिजनक ही नहीं अपितु अनुचित भी है। इस के विपरीत अग्रिम राशियों को वसूलने/समायोजन करने हेतु कोई भी ठोस प्रयास नहीं किए गए हैं। अतः यह प्रकरण उच्च अधिकारियों के ध्यान में उचित कार्यवाही हेतु लाया जाता है।

(5) आवास बस्ती पालमपुर तथा कांगड़ा के मकान/प्लाट मालिकों से मार्च 1996 तक 2,01,091.00रुपये की किश्तों के रूप-रखाव के रूप में वसूली न करना :-

लगातार पृष्ठ 5 पर...

— 266 —

आवास बोर्ड की पालमपुर तथा कांगड़ा की बस्तियों से प्राप्त होने वाले रख रखाव प्रभार का कोई भी अभिलेख मण्डल कार्यालय में नहीं रखा गया है जिसका समय-2 पर अवलोकन/जांच करने के उपरान्त लम्बित पड़ी प्रभार के रूप में वसूल की जाने वाली इन राशियों की वसूली हेतु मण्डल स्तर पर प्रयास किए जा सके या जिस के आधार पर सम्बन्धित उप मण्डलों को इन राशियों को तुरन्त या सुनियोजित ढंग से वसूल करने के निर्देश दिए जा सके। इसके अतिरिक्त आवास बोर्ड मण्डल के कार्यालय में किस वित्तिय वर्ष में कितनी वसूलियां की गईं व कितनी वसूलियां शेष है, का पूर्ण अभिलेख खातों में दर्ज करना आपेक्षित है तथा यह सूचना वार्षिक लेखों में भी दर्ज करना अनिवार्य है क्योंकि सम्पूर्ण डेबिट्स तथा क्रेडिट्स का तभी पता चल सकेगा। उप मण्डल पालमपुर तथा कांगड़ा द्वारा रखे गए रख रखाव प्रभार के शेष खातों की जांच के दौरान यह पाया गया कि दिनांक 31.3.1996 तक पालमपुर तथा कांगड़ा की बस्तियों के मकान/प्लाट मालिकों से लगभग 2,01,091.00रुपये की वसूलियां शेष थी तथा कुछ मकान/प्लाट मालिकों से इस प्रभार को लागू करने की तिथि से अंकेक्षण की अवधि तक किसी भी प्रकार की वसूली नहीं की गई थी। रिकार्ड की छानबीन करने के उपरान्त ऐसा प्रतीत होता है कि इतनी बड़ी राशियों को वसूल करने के लिए कोई भी प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। अतः शेष प्रभार की राशियों की वसूली हेतु समुचित कार्यवाही अमल में लाई जाए। दिनांक 31.3.96 तक इस प्रभार की शेष वसूलियों का विवरण निम्न प्रकार था :-

(क) **आवास बस्ती पालमपुर :-**

क्रम संख्या	नाम	प्लाट/मकान सं0	बकाया राशि
1.	श्री ओ0पी0सूद	4	2213.00
2.	श्री एस0 सी0 व्यास	6	1036.00
3.	श्री हिमाल चन्द	7	3718.00
4.	श्री एस0एल0 धर	11	3549.00
5.	श्री रविन्दर सिंह	12	2520.00
6.	श्री गोलक नाथ	5	1669.00
7.	श्री नवीन कुमार	16	2521.00
8.	श्री पी0 सी सोकला	14	1669.00
9.	श्री एस.पी. कश्यप	19	2033.00
10.	श्री एस पी0अबरोल	18	217.00
11.	श्रीमति आदर्श सूद	20	587.00
12.	श्रीमति चंचल सूद	37	4191.00
13.	श्री जी.सी. अग्रवाल	45	5332.00
14.	श्रीमति जगदम्बा देवी	38	2576.00
15.	श्री के. के.परमार	52	2621.00
16.	श्रीमति प्रोमिला देवी	53	1199.00

लगातार पृष्ठ 6 पर.......

	34	185.00
19. श्री वी.एम.भारद्वाज	35	855.00
		23.00

- 267 -

17. श्री आर0 पी0 नागपाल	55	683.00
18. श्री आर0 सी0 गुप्ता	56	2440.00
19. श्रीमति जय देवी	57	683.00
20. श्री हरवंश लाल धीमान	58	1730.00
21. श्रीमति विमला देवी	59	1730.00
22. श्रीमति रजनी देवी	60	1165.00
23. सी0एस0आई,आर0विभाग	21 से ~~23~~ 31	39072.00
24. मुख्या अभियन्ता धर्मशाला	30,40,42	16144.00
25. सी0एस0आई0आर0विभाग	38	5250.00
26. श्री आर0 सी0कटवाल	46	5328.00
27. सी.एस.आई.आर. विभाग	47,48	10656.00
28. श्री अशोक मल्होत्रा	50	5328.00
29. श्री पी.सी. मनकोटिया	34	3552.00
30. मुख्या अभियन्ता सड़क,धर्मशाला	65 से 98	9611.00
31. श्री शेर सिंह	81	150.00
32. सी. एस. आई.आर. विभाग	78,88,90 से 93	14617.00
33. श्री आर.के. सूद	94	683.00
34. मुख्या अभियन्ता सड़क,धर्मशाला	2,3	11430.00
35. श्रीमति मीरा वरमानी	73	152.00
36. श्री गोयल कृष्ण सूद	74	145.00
	कुल जोड़	168200.00

§ख§ आवास वस्ती कांगड़ा:-

क्र.सं.	मकान /प्लाट मालिक का नाम	मकान/प्लाट सं0	बकाया राशि
1.	श्री मधु सुदन	2	1780.00
2.	श्री के. सी. कटोच	6	1550.00
3.	श्री विश्वा मित्र	1 तथा 15	248.00
4.	श्री एस.पी.शर्मा	16	855.00
5.	श्री एम.एल.शर्मा	17	199.00
6.	श्री रजनेश महाजन	18	855.00
7.	मेजर रमेश चन्द	19	17.00
8.	श्री.ओ. पी. शर्मा	20	855.00
9.	श्री एल.एल.शर्मा	21	855.00
10.	श्री राम सनेही शर्मा	22	885.00
11.	श्री सत्या पाल शर्मा	24	186.00
12.	श्री रवि कुमार शर्मा	25	855.00
13.	श्री एम.एल.शर्मा	26	186.00
14.	श्री रेनो कुमार	27	248.00
15.	श्री एस.के.चौधरी	28	1091.00
16.	श्रीमति रेवा कुमारी	29	855.00

लगातार पृष्ठ 7 पर...

-268-

17. श्री गोपाल कृष्ण	33	185.00
18. श्री पी.एस.नैयर	34	855.00
19. श्री वी.एम.भारद्वाज	35	23.00
20. श्री रमेश चन्द शर्मा	36	855.00
21. श्री ए.एस.माथुर	1 व 37	199.00
22. श्री ज्ञान सिंह	38	78.00
23. श्री हंस राज शर्मा	39	855.00
24. श्री आर.के. सूद	40	855.00
25. श्री के.सी. भारद्वाज	42	855.00
26. श्री सुरेन्दर कुमार	43	17.00
27. श्री राम नन्द शर्मा	45	855.00
28. श्री सन्जीव कुमार	46	78.00
29. श्री के.के. दुग्गल	47	79.00
30. श्री ललित खन्ना	48	855.00
31. श्रीमति विर प्यारी	49	855.00
32. श्री रमेश चन्द अरोड़ा	50	248.00
33. मेजर एस.आर.शर्मा	51	855.00
34. श्रीमति ऊषा मनोचा	52	186.00
35. श्री वी.के. खैर	53	855.00
36. श्री सन्जीव हाण्डा	54	1108.00
37. श्री एस एल०अबरोल	59	497.00
38. श्री रपिन्दर कुमार	62	497.00
39. श्री अनिल सूद	61	497.00
40. श्री नरेन्द्र कुमार	63	497.00
41. श्रीमति सरिता थापर	65	497.00
42 श्री नरेन्द्र कुमार	67	~~497.00~~ 11.00
~~43. श्रीमति सरिता थापर~~		
43. श्री राम स्वरूप शर्मा	69	116.00
44. श्री वृज मोहन शर्मा	70	116.00
45. श्री महेन्दर सिंह	71 ~~497.00~~	497.00
46. श्री विनोद कुमार	72	497.00
47. श्रीमति मोतिया रानी	73	116.00
48. श्रीमति स्वाा वधुजा	74	497.00
49. श्रीमति ऊषा नागपाल	75	497.00
50. श्री प्रबोध भाटिया	76	116.00
51. श्रीमति विमला देवी	83	116.00
52. श्रीविनय प्रकाश	84	116.00
53. श्रीमति सन्तोष वर्मा	85	497.00
54. श्री अविनाश कुमार	86	497.00
55. श्री विनोद कुमार शर्मा	1	438.00
56. श्री कन्हैया लाल	4	438.00
57. श्री वेद प्रकाश चौधरी	5	438.00

लगातार पृष्ठ 8 पर.. ...

58. श्री राजेन्दर कुमार	7		438.00
59. श्री प्रदीप राज	8		438.00
60. श्री मोहन लाल	9	~~438x00~~	438.00
61. श्री दलीप कुमार	10		438.00
62. श्री जनक चावला	11		360.00
63. श्रीमति गुलशन रानी	40		19.00
64. श्री विनय कुमार	12 ए		52.00
65. श्री कवाल मोंगा	41		102.00
66. श्रीमति मंजू ग्रोवर	43		438.00
67. श्री ~~स्वव~~ रनजीत शर्मा	44		438.00

कुल जोड़ 32,891.00

(6) सरकार द्वारा स्वीकृत दर संविदा की अवहेलना करके सिमेन्ट की खरीद हि0 प्र0 सिविल सप्लाई कार्पोरेशन, शिमला के माध्यम से सीधे सिमेन्ट फैक्टरी बरमाणा से करने की बजाए सिविल सप्लाई कार्पोरेशन के स्थानीय डिपुओं से करने की ~~बजाए सिविल सप्लाई कार्पोरेशन~~ के कारण आवास बोर्ड को वर्ष 1995-96 के दौरान कुल 57,480/=रुपये की हानि:-

वर्ष 1995-96 के लेखाओं की जांच पड़ताल करने पर यह पाया गया कि आवास बोर्ड मण्डल, धर्मशाला द्वारा सिमेन्ट की खरीद करते समय सरकार द्वारा स्वीकृत दर संविदा की अवहेलना करके सिमेन्ट की खरीद हि0 प्र0 सिविल सप्लाई कार्पोरेशन, शिमला के माध्यम से सीधे सिमेन्ट फैक्टरी, बरमाणा से करने की बजाए निम्नलिखित विवरणानुसार सिविल सप्लाई कार्पोरेशन के स्थानीय डिपुओं से भी की जाती रही है। अंकेक्षण के दौरान यह देखा गया कि सिविल सप्लाई कार्पोरेशन के स्थानीय डिपुओं से क्रय किया गया सिमेन्ट सीधे सिमेन्ट फैक्टरी, बरमाणा से क्रय कियेगए सिमेन्ट से औसतन मंहगा पड़ता था। अंकेक्षण के दौरान ही यह भी देखा गया कि मण्डल में निर्माणाधीन कार्यों की वास्तविक/आपेक्षित आवश्यकताओं को मध्य नजर रखते हुए समय-2 पर सिमेन्ट की खरीद सीधे बरमाणा फैक्टरी से करने की बजाए कुछ मामलों में जब सिमेन्ट की वास्तविक तौर पर आवश्यकता नहीं थी तब भी सिमेन्ट की स्थानीय डिपुओं से खरीद करके सिमेन्ट को कई महीनों तक भण्डार में रखा गया। अतः सिमेन्ट की सरकार द्वारा स्वीकृत दर संविदा की अवहेलना करके सिविल सप्लाई कार्पोरेशन के स्थानीय डिपुओं से क्रय करके न केवल आवास बोर्ड को भारी आर्थिक हानि हो रही है अपितु इस गलत क्रय नीति के कारण निर्माणाधीन भवनों की लागत में पर्याप्त वृद्धि हुई है।

अतः इस सम्पूर्ण प्रकरण की विभागीय तौर पर छानबीन की जाए तथा अधिक किए गए भुगतान का औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा अधिक भुगतान की गई राशियों की दोषियों से शीघ्र वसूली की जाए तथा भविष्य में सरकार द्वारा स्वीकृत दर संविदा की अनुपालना सुनिश्चित की जाए।

लगातार पृष्ठ 9 पर...

270

सिविल सप्लाई कार्पोरेशन के स्थानीय डिपुओं से क्रय किए गए सिमेन्ट का विवरण निम्न प्रकार से दिया जाता है :-

क्र०सं०	जी०आर०सं० व दिनांक	खरीदे गए सिमेन्ट की मात्रा	दर प्रति बोरी	बरमाणा फैक्टरी से सीधे क्रय किए गए सिमेन्ट की प्रति बोरी दर	कुल अधिक भुगतान
	(क) पपरोला सैक्शन				
1.	2297 दि0 23.5.95	200 बोरी	141=00रु.	122.00रुपये	3800.00रु.
2.	2377 दि0 16.10.95	400 बोरी	148.00	129.00	7600.00रु.
3.	2381 दि0 27.11.95	200 बोरी	148.00	129.00	3800.00
	(ख) पालमपुर उप मण्डल				
4.	2313 दि0 5.5.95	180 बोरी	144.00	124.00	3600.00
5.	2314 दि0 16.5.95	180 बोरी	144.00	124.00	3600.00
6.	2325 दि0 25.9.95	180 बोरी	150.00	131.00	3420.00
7.	2401 दि0 11.10.95	180 बोरी	150.00	131.00	3420.00
8.	2402 दि0 20.10.95	180 बोरी	150.00	131.00	3420.00
9.	2408 दि0 2.2.96	180 बोरी	153.00	130.00	4140.00
10.	2414 दि0 22.3.96	180 बोरी	153.00	130.00	4140.00
11.	2415 दि0 30.3.96	180 बोरी	153.00	130.00	4140.00
	(ग) चम्बा उप-मण्डल				
12.	2355 दि0 8.9.95	240 बोरी	158.00	148.00	2400.00
				कुल अधिक भुगतान	47480.00रु.

(7) उप मण्डल चम्बा के लिये सिमेन्ट फैक्टरी बरमाणा से खरीदी गई 1980 बोरियों में से 1974 बोरियों को पपरोला पालमपुर, धर्मशाला व देहरा उपमण्डलों को स्थानान्तरण/ढुलान करने से आवास बोर्ड को मु0 50,690.00रुपये की सीधी हानि ।

सहायक अभियन्ता उपमण्डल चम्बा द्वारा दिनांक 1.8.1995 को पत्र संख्या:-सी0एस0डी0/एच0बी0/5-2/95/173 द्वारा मण्डलीय कार्यालय धर्मशाला से चम्बा उपमण्डल के अधीन विभिन्न निर्माणाधीन 2000 सिमेन्ट की कार्यों के लिये बोरियां उपलब्ध करवाने के लिये मामला उठाया गया । सहायक अभियन्ता द्वारा भेजी गई सिमेन्ट की मांग को मद्देनजर रखते हुये अधिशाषी अभियन्ता धर्मशाला मण्डल ने 99 मिट्रिक टन (1980 बोरी) सिमेन्ट की आपूर्ति के लिये आपूर्ति आदेश संख्या: ध0. म0./आ0.वो0/एस0 1-94/2923-30 दिनांक 29.8.1995 के साथ बैंक ड्राफ्ट संख्या 065622 दिनांक 29.8.95 का सिविल सप्लाई कार्पोरेशन बिलासपुर को राशि मु0 294307.00रुपये का अग्रिम भुगतान किया ।

लगातार पृष्ठ 10 पर....

लगातार पृष्ठ 10 पर....

271

मु0 294307.00रुपये की राशि के अग्रिम भुगतान के एवज में सिमेन्ट फैक्ट्री बरमाणा (बिलासपुर) से कुल 1980 बोरियां प्राप्त किया गया जिस का विवरण निम्नलिखित है ।

क्र0सं0	जी0आर0 संख्या व दिनांक	मात्रा
1.	2356 दिनांक 18.9.95	344 बोरी
2.	2357 दिनांक 23.9.95	360 बोरी
3.	2358 दिनांक 25.9.95	180 बोरी
4.	2359 दिनांक 26.9.95	360 बोरी
5.	2360 दिनांक 28.9.95	180 बोरी
6.	2361 दिनांक 29.9.95	180 बोरी
7.	2362 दिनांक 5.10.95	180 बोरी
8.	2363 दिनांक 14.10.95	180 बोरी
9.	2364 दिनांक 2.2.96	16 बोरी
	जोड़	1980 बोरी

टिप्पणी:- 2.2.96 को 16 बोरियां स्थानीय सिविल सप्लाई चम्बा के डिपो से प्राप्त की गई ।

उपरोक्त 1980 बोरियों में से दिनांक 10.1.1996 व 29.1.1996 को इन्डैंट संख्या 8630 व 8631 द्वारा मात्र 2 बोरियां व 4 बोरियां डाईट कम्पलैक्स चम्बा के कार्य के लिये जारी की गई । शेष 1974 बोरियों को जिन का अनावश्यक तौर पर चम्बा के कार्यों के लिये माह 9/95 के क्रय किया गया था को माह जनवरी, फरवरी व मार्च, 1996 में उपमण्डल पपरोला, पालमपुर धर्मशाला व देहरा को स्थानान्तरित कर दिया क्योंकि वास्तविक तौर पर चम्बा में निर्माणाधीन भवनों के कार्य निष्पादन के लिये तत्काल इतनी बड़ी सिमेन्ट की मात्रा की कोई भी आवश्यकता नहीं थी तथा क्योंकि माह 9/95 से 31.3.96 तक चम्बा में उपरोक्त वर्णित मात्रा के अतिरिक्त सिमेन्ट जारी /उपयोग नहीं किया गया है जिस से ऐसा प्रतीत होता है कि क्रय का आंकलन तैयार करते समय वास्तविक आवश्यकता का निर्धारण बहुत ही गैर जिम्मेदारी ढंग से किया गया प्रतीत होता है । सिमेन्ट को चम्बा से अन्य उपमण्डलों को ढुलाई करने के लिये मु0 50,690.00 रुपये की अतिरिक्त राशि व्यय की गई तथा इस के विपरीत अगर सिमेन्ट की इस मात्रा की आपूर्ति बरमाणा से सीधे पपरोला, पालमपुर, धर्मशाला व देहरा उपमण्डलों में प्राप्त की जाती तो निश्चित तौर पर लगभग इतनी ही राशि के भुगतान को जो मूल आपूर्ति के लिये किया गया था, को भी बचाया जा सकता था । अतः पहले बरमाणा से चम्बा तथा फिर चम्बा से पपरोला, पालमपुर व देहरा उपमण्डलों को जो बरमाणा के अति निकट है, सिमेन्ट की ढुलाई करने के कारणों की पूरी छानबीन की जाये क्योंकि जब चम्बा में वास्तविक तौर पर सिमेन्ट की आवश्यकता ही नहीं थी तो वहां आपूर्ति प्राप्त करने का क्या औचित्य था । अतः पहले चम्बा को और फिर चम्बा से वापिस अन्य स्थानों के लिये सिमेन्ट के ढुलान के ऊपर जो मु0 50,690.00रुपये

लगातार पृष्ठ 11 पर...

— 272 —

की अतिरिक्त राशि व्यय की गई है का विवरण निम्न प्रकार से है :-

क्र०सं० इन्डैंट सं० व दिनांक	मात्रा	सिमेन्ट की लदाई /उतराई व ढुलाई के एवज में भुगतान की कुल राशि ।	उपमण्डल/स्थान जहाँ सिमेन्ट की ढुलाई की गई ।
8836/19.1.96	360	8750.00	उपमण्डल धर्मशाला जी.आर.सं. 2424 दिनांक 20.1.96
2. 8716/5.2.96	180	4798.00	उपमण्डल देहरा
3. 8747/12.2.96	360	10280.00	उपमण्डल पालमपुर
4. 8598/13.2.96	360	10460.00	-"- पपरोला
5. 8839/19.2.96	354	7652.00	-"- धर्मशाला
6. 8842/4.3.96	360	8750.00	-"- धर्मशाला
	जोड़	50690.00	

अतः दोषपूर्ण क्रय नीति के कारण आवास बोर्ड को सीधे तौर पर लगभग 50690.00रुपये की हानि हुई जिस की पूर्ण जिम्मदारी तय की जाये तथा दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों से हानि की राशि की तुरन्त वसूली की जाये तथा भविष्य में इस प्रकार की दोषपूर्ण क्रय प्रणाली पर अंकुश लगाने के लिये प्रभावी पग उठाये जायें ।

§8§ संविदाकार को राशि मु0 21,988/=रुपये का अनियमित रुप से भुगतान दर्शाकर राशि का दुर्विनियोजन ।

भुगतान वाउचर संख्या: - 34 मास 3/96 संविदाकार का नामः श्री अजय कुमार

अनुबन्ध संख्या :- 15 वर्ष 1994-95

उपरोक्त कार्य के द्वितीय चलित बिल की मद संख्या 3/5 ,प्रोवाईडिंग एवं इन्जैक्टिंग कैमिकल इमलशन——— के भुगतान से सम्बन्धित प्रविष्टियों की माप पुस्तिका संख्या 765/95 पृ0 संख्या 17 की जांच करने पर निम्नलिखित गम्भीर अनियमितताएं पाई गई :-

§1§ उपरोक्त निर्माण कार्य से सम्बन्धित बिल सहायक अभियन्ता , उपमण्डल धम्बा द्वारा केवल राशि मु0 96,204.00रुपये के कुल भुगतान हेतु सत्यापित किया गयाथा । तदोपरान्त इस बिल में अनियमित रुप से §पेण§ इन्टरपोलेशन§ तथा कटिंग करके इस बिल की कुल राशि को 96,204/=रुपये से बढ़ाकर राशि मु0 1,18,933/=रुपये के भुगतान हेतु पारित किया गया ।

§2§ जब उपरोक्त बिल सम्बन्धित सहायक अभियन्ता द्वारा सत्यापित किया तो कार्य की उपरोक्त आंकी गई मद संख्या :3/5 की मात्रा केवल 1161.67 वर्ग मीटर ही थी । इस निर्माण कार्य के सम्बन्धित कनिष्ठ अभियन्ता द्वारा माप पुस्तिका संख्या 764 पृष्ठ 12 पर.....

लगातार पृष्ठ 12 पर.....

संख्या 9 पर उपरोक्त मद के कार्यान्वयन से सम्बन्धित रिकार्ड प्रविष्टियाँ करके इस मद के कार्य की मात्रा 628.23 वर्ग मीटर और बढ़ा दी गई तथा इस मात्रा को माप पुस्तिका संख्या 765 के पृष्ठ संख्या 17 पर इस मद के पूर्व में किए गए कार्य की मात्रा में 628.23 वर्ग मीटर मात्रा को जोड़ करके भुगतान योग्य मात्रा को 1161.67 वर्ग मी0 से बढ़ाकर 1789.90 वर्ग मी0 तथा भुगतान योग्य राशि को भी 40658/=रुपये के स्थान पर मु0 62,646/=रुपये कर दिया गया है।

§3§ इसके अतिरिक्त माप पुस्तिका संख्या 764 के पृष्ठ संख्या 9 पर उपरोक्त कार्य की 628.23 वर्ग मीटर मात्रा की जांच उपरान्त पाया गया कि यह रिकार्ड प्रविष्टियाँ नियमानुसार ठीक प्रतीत नहीं होती क्योंकि अनुबन्ध की मद संख्या 5 के अनुसार बिल्डिंग के धरातल मंजिल का केवल पैलिन्थ क्षेत्रफल ही भुगतान हेतु मापा जाना था। जबकि 628.23 वर्ग0 मी0 की मात्रा पैलिन्थ क्षेत्रफल के माप से सम्बन्धित न होने के कारण भुगतान हेतु मान्य नहीं थी।

§4§ उपरोक्त के अतिरिक्त यह भी पाया गया कि कार्य की उपरोक्त मद "छुपी हुई" होनेके फलस्वरूप सम्बन्धित सहायक अभियन्ता द्वारा नियमानुसार शतप्रतिशत जांच की जानी वांछित थी। इस मद की विभिन्न माप-पुस्तिकाओं में की गई रिकार्ड प्रविष्टियों की जांच करने पर पाया गया कि भुगतान की गई ~~1789.90~~ 1789.90 वर्ग मी0 मात्रा में से केवल 186.98 वर्ग मी0 मात्रा ही सम्बन्धित सहायक अभियन्ता द्वारा सत्यापित की गई थी।

उपरोक्त अनियमितताओं के सन्दर्भ में ऐसा प्रतीत होता है कि ~~माप~~ माप-पुस्तिका में इस मद की 628.23वर्ग0मीटर मात्रा अनियमित एवं संदिग्ध ढंग से रिकार्ड प्रविष्टि करके मु0 35/=रुपये प्रति वर्ग0 मी0 की दर से कुल राशि मु0 21988/=रुपये का भुगतान दर्शा कर इस राशि का दुर्विनियोजन किया गया लगता है। इस सम्बन्ध में तथ्यों की शीघ्र छानबीन करके वस्तुस्थिति से तथा दोषी कर्मचारी/अधिकारी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही सहित अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

§ख§ उपरोक्त निर्माण कार्य पर उपयोग हेतु निम्नलिखित विवरणानुसार कुल 27.555 ~~मी~~ मीट्रिक टन स्टील ठेकेदार श्री अजय कुमार को जारी किया गया लेकिन द्वितीय चलित बिल तक केवल 12.60 मीट्रिक टन स्टील की ही खपत की गई थी।

अनुबन्धानुसार यह कार्य एक वर्ष के भीतर पूर्ण किया जाना ~~अ~~ अनुबन्धित था परन्तु अधिशासी अभियन्ता एन0 डब्ल्यू0 आर0 ओ0 चण्डीगढ़ की इन्सपेक्शन रिपोर्ट दिनांक 12.10.95 के अवलोकन पर पाया गया कि माननीय उच्च न्यायालय ~~XX~~ के आदेशानुसार इस कार्य के निर्माण पर दिनांक 24.8.95 से रोक लगा दी गई थी। इसके बावजूद मास 9/95 में 1.190 मीट्रिक टन स्टील ठेकेदार को जारी किया गया जिससे न्यायालय के आदेशों की भी अवहेलना हुई। अतः शेष बची स्टील की मात्रा 14.955 मीट्रिक

लगातार पृष्ठ 13 पर....

टन जिसकी कुल कीमत मु0 201,892.50रूपये दर 13,500/=रूपये प्रति मीट्रिक टन के हिसाब से बनती है, की वापसी संविदाकार से करने के बाद स्टॉक में गणना की जाए अन्यथा शेष बची स्टील की दुगनी दरों पर वसूली करके अनुपालना से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए ।

क्र0सं0	इन्डैन्ट नं0	दिनांक	स्टील मीट्रिक टन
1.	8410	9.3.95	4.700
2.	8412	31.3.95	18.065
3.	8420	21.7.95	2.930
4.	8424	11.8.95	0.760
5.	8626	8.9.95	0.610
6.	8627	8.9.95	0.490
		कुल जारी की गई मात्रा	27.555
		द्वितीय चलित बिल तक वसूली	12.60(-)
		शेष बची स्टील की मात्रा	14.955

(ग) उपरोक्त कार्य में मद संख्या 10/11 रीइन्फोरसमैन्ट आफ आर0 सी0 सी0 वर्क हेतु स्टील की कुल खपत 12550.38 किलोग्राम ही बनती थी जबकि संविदाकार को 12562.72 कि0 ग्राम स्टील दर 15/=रूपये प्रति कि0 ग्राम के हिसाब से भुगतान किया गया ।

इस प्रकार संविदाकार को 12.34 कि0ग्रा0 स्टील की मात्रा हेतु कुल 185/=रूपये का अधिक भुगतान किया गया है । इस राशि की शीघ्र वसूली सुनिश्चित की जाए और अनुपालना आगामी अंकेक्षण पर दिखाई जाए ।

(7) चम्बा में डाईट भवन /कम्पलैक्स के निर्माण कार्य में मैसर्ज अजय कुमार ठेकेदार से तारकोल(बिटूमैन) की अधिक खपत हेतु राशि मु0 7492.00रू. की कम वसूली करना ।

चम्बा में डाईट कम्पलैक्स के निर्माण कार्य के दौरान छात्रावास खण्ड की अपरोच/सहायक सड़क को पक्का करने का ठेका एक ही तिथि को दो अलग-2 कार्य आदेश (work orders) (संख्या 2 व 3 वर्ष 1995-96 जारी कर के मैसर्ज अजय कुमार ठेकेदार को दिया गया । सड़क को पक्का करने के लिये तारकोल आवास बोर्ड मण्डल धर्मशाला द्वारा उपलब्ध करवाया जाना था । इस कार्य पर प्रयोग हेतु आवास बोर्ड के भण्डार से इन्डैंट संख्या 8417 व 8418 दिनांक 6.5.1995 को क्रमशः 2.652 एम0टी0 तथा 2.652 एम0टी0 तारकोल निर्गम/जारी किया गया । विभाग द्वारा उपलब्ध करवाये गये तारकोल की वसूली दर मु0 4900/=रूपये प्रति एम0टी0 थी ।

उक्त तारकोल की मात्रा की कीमत की वसूली ठेकेदार के बिलों में से की गई । कार्य आदेश संख्या 2 वर्ष 1995-96

लगातार पृष्ठ 14 पर...

— 275 —

के एवज में ठेकेदार को किये गये भुगतान के बिल की जाँच के दौरान यह पाया गया कि इस कार्य की कुल निष्पादित मात्रा के लिये खपत के सही मापदण्डों के अनुसार तारकोल की वास्तविक खपत केवल 1.817 एम0टी0 बनती थी । तथा सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा खपत विवरणी में स्पष्ट किया था कि ठेकेदार द्वारा तारकोल का प्रयोग करते समय 0.835 एम0टी0 खपत अधिक की गई है ।

ठेकेदार से 1.817 एम0टी0 (वास्तविक खपत की मात्रा) तथा 0.835 एम0 टी0 (अधिक खपत की मात्रा) तारकोल की मात्रा की वसूली एक समान वसूली दर मु0 4700/=रुपये प्रति एम0 टी0 की दर से की गई है । जबकि अधिक खपत की मात्रा की वसूली अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार दुगुनी दर से की जानी अपेक्षित थी ।

कार्य आदेश संख्या: 3 वर्ष 1995-96 के कार्य निष्पादन में भी जारी की गई तारकोल की 2.652 एम0टी0 की मात्रा में से 0.759 एम0 टी0 मात्रा की अधिक खपत की गई थी । अतः वास्तविक खपत तथा मापदण्डों से अधिक खपत की मात्रा की एक समान दरों से वसूली करने का पूर्ण औचित्य दिया जाये अन्यथा सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरतने के फलस्वरूप तारकोल की अधिक खपत की कुल मात्रा की 4700/=रुपये प्रति मिट्रिक टन भाव की बजाय 9400/= रुपये प्रति एम0टी0 की दर से वसूली की जाये तथा इस सम्बन्ध में की गई कम वसूली की राशि मु0 7492.00रुपये (1.594x9400-1594 x4700=7492/=रुपये) की सम्बन्धित ठेकेदार से वसूली की जाये तथा अनुपालना की अगले अंकेक्षण के दौरान जाँच करवाई जाये ।

(10) भण्डारण प्रभार के रूप में मु0 10845.00रुपये की राशि की दोहरी गणना ।

माह जनवरी व फरवरी, 1996 में उपमण्डल चम्बा से पालमपुर, पपरोला, धर्मशाला व देहरा उपमण्डलों के लिये 1974 बोरियां सिमेन्ट का स्थानान्तरण /ढुलान किया गया । सिमेन्ट की इस मात्रा पर चम्बा उपमण्डल (] में प्राप्ति के समय 3% प्रतिशत भण्डारण प्रभार लगा कर निर्गम दर तय की गई थी । जब इस मात्रा को उपमण्डल चम्बा से अन्य स्थानों के लिये स्थानान्तरण किया गया तो प्राप्तकर्ता उपमण्डलों में सिमेन्ट की कुल कीमत पर पुनः 3% प्रतिशत भण्डारण प्रभार सम्मिलित करके निर्गम दरें तय की गई तथा इस प्रकार 1974 बोरी सिमेन्ट पर दो बार 3% की दर से भण्डारण प्रभार लगाया गया । जिन मामलों में 3 प्रतिशत भण्डारण प्रभार की दोहरी गणना की गई पाई गई, का विवरण निम्न प्रकार से है ।

लगातार पृष्ठ 15 पर...

व पृष्ठ तारखा का तारखा की 5% स्टेज एम0एम0एस.
विवरण वास्तविक के रुप में पृष्ठ सं0

- 276 -

क्र0	इन्डैट सं0 व दिनांक	मात्रा	3 प्रतिशत भण्डारण सहित निर्गम दर/ कुल राशि	ढुलाई/उतराई/लदाई आदी व्यय	कुल कीमत	टिप्पणी
1.	8836 19.1.1996	360 बोरी	55,800.00	8,750.00	64550.00	निर्गम दर3% भण्डारण प्रभार जोड़कर तय की गई ।
2.	8716 5.2.1996	160 बोरी	28440.00	4798.00	33238.00	---"----
3.	8747 12.2.96	360 बोरी	56880.00	10280.00	67160.00	---"---
4.	8598 13.2.96	360 बोरी	56880.00	10460.00	67340.00	----"----
5.	8839 19.2.96	354 बोरी	55932.00	7652.00	63584.00	---"--
6.	8842 4.3.1996	360 बोरी	56880.00	8750.00	65630.00	---"---
		जोड़	3,10612.00	50690.00	361502.00	राशि 10,845.00

3% अतिरिक्त भण्डारण प्रभार की राशि =

$$\frac{3,61,502 \times 3}{100} = 10845.00$$

उपरोक्त चूक/त्रुटि को तुरन्त ठीक किया जाये । इस गलत गणना के कारण न केवल भण्डार खाते में लाभ की मात्रा अधिक दिखाई गई है परन्तु उन सब कार्यों जिन पर उक्त सिमेन्ट की मात्रा का उपयोग किया गया है । की कुल लागत में भी अनावश्यक तौर पर अधिक व्यय आंका गया है ।

§11§ सिमेन्ट के ढुलान में मु0 1932.00रुपये के अनुचित भुगतान की वसूली बारे ।

उपमण्डल चम्बा में जी0आर0 संख्या 2356 दिनांक 18.9.1995 द्वारा सिविल सप्लाई कार्पोरेशन के माध्यम से बरमाणा सिमेन्ट फैक्ट्री से 344 बोरियाँ सिमेन्ट खरीदा गया । सिमेन्ट की ढुलाई ट्रक सं0 -24-2443 व -24-3761 द्वारा की गई तथा इन ट्रक मालिकों को शर्तों के अनुसार बरमाणा से चम्बा तक की दूरी के लिये किराये भाड़े की सारी राशि का भुगतान किया गया । परन्तु जांच के दौरान यह पाया गया कि उक्त 344 बोरियों की आपूर्ति पहले सरु में प्राप्त की गई जो कि चम्बा से पहले पड़ता है तथा तत्पश्चात इस सिमेन्ट का ढुलान चम्बा में स्थित भण्डार में पंहुचाने हेतु दूसरे ट्रकों के माध्यम से करवाया गया । सरु में सिमेन्ट की उतराई व लदाई तथा सरु से चम्बा तक ढुलाई के एवज में 1932.00रुपये का अनुचित भुगतान किया गया । क्योंकि शर्तों के अनुसार बरमाणा से चम्बा तक ढुलाई का

लगातार पृष्ठ 16 पर....

भुगतान उपरोक्त वर्णित दो ट्रक मालिकों को भी किया गया है । तथा अगर सड़क खराब थी तो सरू से चम्बा तक के ढुलान व अन्य उतराई व लदाई की राशि की वसूली ढुलाई करने वाले ट्रक मालिक से करनी आवश्यक थी क्योंकि आवास बोर्ड ने भुगतान के अनुरूप आपूर्ति चम्बा में प्राप्त करनी थी । इस के उपरान्त जी0 आर0 संख्या 2357 से 60 तक प्राप्त किया गया सिमेन्ट भी चम्बा के भण्डार में उतारा गया था

अतः उपमण्डल चम्बा के अधिकारी द्वारा आपूर्ति निर्धारित स्थान पर प्राप्त न करके इसे अन्य स्थान पर प्राप्त करके तथा फिर इसे मुख्य भण्डार में ढुलाई करवाने के लिये जो मु0 1932/=रुपये का अनुचित भुगतान किया गया है , की पुरी जिम्मेदारी तय की जाये तथा अनुचित भुगतान को दोषी अधिकारी/कर्मचारी से तुरन्त वसूल की जाये तथा अनुपालना की अगले अंकेक्षण के दौरान जांच करवाई जाये ।

§12§ चम्बा में जे0 एन0 वी0 भवन के निर्माण कार्य में ठेकेदार श्री एल0पी0 डला से लगभग एक लाख रुपये मूल्य के सिमेन्ट की विलम्ब से वसूली करने से ठेकेदार को अनरोप ढंग से लाभ पंहुचाया ।

चम्बा में निर्माणाधीन जे0 एन0 वी0 भवन के निर्माण के लिये स समय-2 पर आवास बोर्ड के भण्डार से सिमेन्ट जारी /निर्गम किया गया /अनुबन्ध की शर्तों एवम् नियमों के अनुसार कार्य निष्पादन के लिये सिमेन्ट की उतनी ही मात्रा जारी /निर्गम की जानी चाहिये थी जितनी जितनी मात्रा की कार्य पर आवश्यकता थी तथा सिमेन्ट की खपत की मात्रा के अनुरूप सिमेन्ट की कीमत की ठेकेदार के चलत बिलों से वसूली करना अनिवार्य था । जांच परीक्षण के दौरान यह पाया गया कि सिमेन्ट की खपत के अनुसार ठेकेदार के चलत बिलों से सिमेन्ट की कीमत की कटौती नहीं की गई तथा वसूली को लम्बित रख कर इसे नवमें चलत बिल में बाद से काटा गया जो कि नियमों के विरुद्ध है । ठेकेदार को जारी/निर्गम किये गये सिमेन्ट तथा वसूली का पूर्ण विवरण निम्न प्रकार से है ।

क्रम सं0	इन्डैंट संख्या व दि0 जिस के द्वारा सिमेन्ट जारी/निर्गम किया गया ।	मात्रा	चलत बिल का विवरण जिस के द्वारा वसूली/ कटौती की गई	मात्रा	शेष मात्रा
1.	7884/1/93	200 बोरी	प्रथम चलत बिल माह 12/93	200 बोरी	----
2.	7894/12/93	300 बोरी	द्वितीय चलत बिल माह 1/94	1415 बोरी	285 बोरी
3.	7897/12/93	500 बोरी			
4.	7898/1/94	500 बोरी			
5.	7889/12/93	200 बोरी			
	7892/12/93	1200 बोरियां			

लगातार पृष्ठ 17 पर...

8452/2/94	1000 बोरी			
8454/2/94	500 बोरी	तृतीय चलत बिल	1385 बोरी	-----
		चतुर्थ चलत बिल माह 3/94	500 बोरी	-----
8459/3/94	500 बोरी			
	500 बोरी	पांचवां चलत बिल माह 7/94	900 बोरी	600 बोरी
	500 बोरी			
	1500 बोरी			
8425/8/94	425 बोरी	छटा चलत बिल माह 9/94	300 बोरी	300 बोरी
8432/9/94	240 बोरी	सांतवा चलत बिल माह 12/94	300 बोरी	765 बोरी
8429/9/94	100 बोरी			
	765 बोरी			
8434/?/95	500 बोरी	आंठवा चलत बिल माह 5/95	500 बोरी	765 बोरी
8645/5/95	120 बोरी			
8450/7/95	150 बोरी			
8447/6/95	150 बोरी			
8449/7/95	60 बोरी	नवंमा चलत बिल	1400 बोरी	20 बोरी
8805/8/95	100 बोरी			
8607/12/95	100 बोरी			
8439/1/95	(-)25 बोरी			
	655 बोरी			

अतः उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि 5/95 में आंठवे चलत बिल के भुगतान के पश्चात 765 बोरी सिमेन्ट की वसूली शेष थी । इस के पश्चात केवल 655 बोरियां निर्गम/जारी की गईं । परन्तु नवमें चलत बिल में 1400 बोरी सिमेन्ट की वसूली/कटौती की गई है । अतः माह 3/94 से जो लम्बित वसूली शेष थी तथा इस के पश्चात भी वसूली की राशि में निरन्तर वृद्धि होती रही जो बढ़कर माह 11/94 में 765 बोरियां हो गई थी, को समय पर वसूली न करने तथा नवमें चलत बिल में से कि मुश्त वसूली करने का पूर्ण औचित्य दिया जावे क्यों कि 765 बोरियों को 132/=रुपये प्रति बोरी की दर से लगभग एक लाख रुपये की राशि की विलम्ब से वसूली/ कटौती की गई है । जिस के परिणाम स्वरूप आवास बोर्ड को विलम्ब की अवधि के लिये उक्त राशि के प्रयोग से वंचित रहना पड़ा । अतः ठेकेदार से सिमेन्ट की खपत के अनुसार समय-2 पर कटौती न करने के कारणों को स्पष्ट किया जाये तथा इस गलत प्रक्रिया से आवास बोर्ड को हुई हानि की जिम्मेदारी तय की जाये । भविष्य में यह सुनिश्चित किया जाये कि आवास बोर्ड भण्डार से जारी/निर्गम की जाने वाली सामग्री की उपयुक्त समय पर कटौती /वसूली की जाये ।

लगातार पृष्ठ 18 पर...

§13§ हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग मण्डल धर्मशाला से 100 बोरी सिमेन्ट के मूल्य राशि 14,960.00रुपये की वसूली न करना ।

इन्डैंट संख्या 3313 दिनांक 12.12.95 द्वारा बिल कार्ड संख्या 139 अनुसार अधिशाषी अभियन्ता हिमाचल प्रदेश निर्माण विभाग, मण्डल धर्मशाला को 100 बोरियां सिमेन्ट दी गई । अंकेक्षण की अवधि तक न तो 100 बोरी सिमेन्ट अधिशाषी अभियन्ता हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण मण्डल, धर्मशाला से वापिस लिया गया तथा न ही 100 बोरी सिमेन्ट की कीमत राशि 14,960.00रुपये की वसूली की गई । अतः या तो उक्त विभाग से 100 बोरी सिमेन्ट को वापिस लिया जाये या इस की कीमत की वसूली की जाये तथा अनुपालना की अगले अंकेक्षण के दौरान जांच करवाई जाये ।

§14§ भण्डार से निर्गम/जारी की गई विभिन्न मदों के लेखांकन बारे ।

भण्डार खातों की जांच पड़ताल के दौरान यह पाया गया कि धर्मशाला स्थित भण्डार खातों में से निर्गम/जारी की गई निम्न भवन सामग्री का विभिन्न मदों को लेखा पुस्तकों एवम् अन्य सम्बन्धित [illegible] खातों में दर्ज नहीं किया गया था जिस के परिणाम स्वरूप इन मदों के अन्तिम उपयोग एवम् तदानुसार किये गये व्यय की जांच नहीं की जा सकी । अतः भविष्य में भण्डार से निर्गम/जारी की जाने वाली मदों का सम्पूर्ण हिसाब-किताब रखा जाये तथा प्रत्येक मद का सही लेखांकन सुनिश्चित किया जाये । जांच परीक्षण के दौरान पाये गये निम्न मामलों में यह बताया जाये कि इन मदों का किन कार्यों पर प्रयोग किया गया था तथा इन मदों की वसूली क्या की गई ।

क्र०सं०	इन्डैंट संख्या व दिनांक	निर्गम की गई मात्रा व किस्म
1.	इन्डैंट सं० 8659 दि० 22.5.1995 §धर्मशाला उपमण्डल§	5 बोरी सिमेन्ट
2.	8672/22.8.95	§1§ स्टील 16 एम०एम०=41 कि०ग्रा० §2§ " 8 " " = 13 किलोग्राम §3§सी०जी० आई० शीट्स0.63 एम०एम० 1.65 क्विंटल टिप्पणी :- उपरोक्त स्टील व सी०जी०आई० शीट्स एम०ए० स्लि० में भी दर्ज की गई थीं है परन्तु एम०ए०एस० रजिस्टर में उक्त मदों का इन्द्राज नहीं पाया गया ।
3.	8673/28.8.95	66 बोरी सिमेन्ट ।

लगातार पृष्ठ 19 पर......

(5) सिमेन्ट की उतराई के रूप में किया गया अनुचित भुगतान:-

अंकेक्षण के दौरान यह देखा गया कि विभिन्न निर्माण कार्यों पर तुरन्त उपयोग हेतु क्रय किया गया । अन्य कार्य स्थलों से लाया गया सिमेन्ट या तो खरीद/प्राप्ति के ही दिन या दूसरे दिन ठेकेदारों को निर्गम/जारी कर दिया गया था । रिकार्ड के अनुसार सिमेन्ट की इस मात्रा को पहले विभाग के भण्डार में उतारा गया दिखाया गया तथा फिर इस सिमेन्ट को ठेकेदारों को निर्गम किया गया था जो कि ठीक प्रतीत नहीं होता है क्योंकि जब सिमेन्ट की इन कार्यों पर अतिआवश्यकता थी तो स्थानीय बाजार एवं अन्य कार्यों पर अन्यत्र से लाए गए सिमेन्ट को पहले विभागीय भण्डार में उतार कर फिर वहां से सिमेन्ट की लदाई करके कार्य स्थल तक ले जाना तर्क संगत प्रतीत नहीं होता है । अतः ऐसा अनुमान है कि यह सारा सिमेन्ट निर्माण कार्य स्थलों पर ही उतारा गया है तथा विभाग के स्टोर स्थल पर उतराई के रूप में दर्शाया गया व्यय संदिग्ध प्रतीत होता है । अतः निम्नलिखित सिमेन्ट की विभाग के स्टोर में उतराई के रूप में किए गए व्यय का पूर्ण औचित्य दिया जाए अन्यथा अनियमित रूप से किए गए व्यय की निम्नलिखित राशियों की दोषियों से शीघ्र वसूली करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए :-

क्र०सं०	सिमेन्ट की प्राप्ति की जी०आर०सं०	सिमेन्ट जारी करने की बिन कार्ड सं० तथा दि०	जारी किए गए सिमेन्ट की मात्रा	विभागीय स्टोर में उतराई के रूप में किया गया व्यय
	पपरोला सैक्शन			
1.	2297 दिनांक 23.5.95	8588 दिनांक 23.5.95	200 बोरी	300.00रुपये
2.	2298 दिनांक 30.5.95	8534 दिनांक 1.6.95	540 बोरी	810.00रुपये
3.	2299 दिनांक 7.6.95	8589 दिनांक 8.6.95	540 बोरी	810.00रुपये
4.	---यथोपरि------	8590 दिनांक 8.6.95	360 बोरी	540.00रुपये
5.	2377 दिनांक 16.10.95	8539 दिनांक 18.10.95	200 बोरी	300.00रुपये
6.	2383 दिनांक 8.12.95	8595 दिनांक 8.12.95	180 बोरी	270.00रुपये
7.	2387 दिनांक 1.2.96	8597 दिनांक 2.2.96	360 बोरी	540.00रुपये
	पालमपुर उपमण्डल			
8.	2313 दिनांक 5.5.95	8573 दिनांक 5.5.95	180 बोरी	270.00रुपये
9.	2314 दिनांक 16.5.95	8347 दिनांक 16.5.95	180 बोरी	270.00रुपये
10.	2335 दिनांक 25.9.95	8756 दिनांक 25.9.95	100 बोरी	270.00रुपये
11.	--- यथोपरि--- -	8735 दिनांक 26.9.95	80 बोरी	
12.	2401 दिनांक 11.10.95	8736 दिनांक 12.10.95	180 बोरी	270.00रुपये
13.	----- यथोपरि------	8759 दिनांक --- --		
14.	2403 दिनांक 3.11.95	8761 दिनांक 4.11.95	360 बोरी	540.00रुपये
15.	2408 दिनांक 2.2.96	8768 दिनांक 2.2.96	160 बोरी	270.00रुपये
16.	-----यथोपरि---	8746 दिनांक 2.2.96	20 बोरी	

लगातार पृष्ठ 20 पर...

17.	2409 दिनांक 12.12.96	8769 दिनांक 12.12.96	180 बोरी	540.00रुपये
18.	---यथोपरि------	8748 दिनांक 12.12.96	180 बोरी	
19.	2411 दिनांक 19.2.96	8770 दिनांक 19.2.96	180 बोरी	270.00रुपये
20.	2414 दिनांक 22.3.96	8749 दिनांक 22.3.96	100 बोरी	270.00रुपये
21.	-----यथोपरि-----	8750 दिनांक 22.3.96	80 बोरी	
22.	2415 दिनांक 30.3.96	8902 दिनांक 30.3.96	180 बोरी	270.00रुपये
23.	2416 दिनांक 31.3.96	8878 दिनांक 31.3.98	100 बोरी	270.00रुपये
24.	------यथोपरि-----	8879 दिनांक 31.3.96	80 बोरी	
25.	2417 दिनांक 31.3.96	8903 दिनांक 31.3.96	180 बोरी	270.00रुपये
			कुल जोड़	7350.00रुपये

(16) निम्नलिखित स्टोर इन्डैन्टों की छानबीन करने पर पाया गया कि वित्तिय वर्ष 1995-96 के अन्त में भारी मात्रा में सामान स्टोर से जारी करके विभिन्न निर्माण कार्यों को जारी कर दिया गया। इसके अतिरिक्त यह निर्माण कार्य विभिन्न संविदाकारों द्वारा करवाए जा रहे थे तथा सम्बन्धित संविदाकारों द्वारा इस सामान के के कार्य पर उपयोग हेतु जारी करने बारे कोई इन्डैन्ट भी जारी नहीं किए गए थे। यह भी देखा गया कि इस सामान को सम्बन्धित निर्माण कार्यों को जारी करने बारे सक्षम अधिकारी से स्वीकृति भी प्राप्त नहीं की गई तथा यह सामान कई महीनों उपरान्त निर्माण कार्य पर उपयोग हेतु दोबारा संविदाकारों को जारी किया गया।

उपरोक्त अनियमितताओं के सन्दर्भ में ऐसा प्रतीत होता है कि वित्तिय वर्ष के अन्त में इन निर्माण कार्यों पर व्यय बढ़ा चढ़ा कर दिखाए जाने के उद्देश्य से ही इस सामान को विभिन्न निर्माण कार्यों को जारी किया गया लगता है। यह अनियमितता उच्चाधिकारियों के ध्यान में शीघ्र आगामी कार्यवाही हेतु लाई जाती है। अनियमित रूप से जारी किए गए निम्नलिखित सामान के उपयोग से सम्बन्धित विवरण भी आगामी लेखा परीक्षा के समय प्रस्तुत किया जाए।

इन्डैंट सं0	दिनांक	जारी किए गए सामान का विवरण	जारी किए गए सामान की कीमत
		(क) पपरौला सैक्शन	
8600	20.3.96	स्टील 31.085 मी0 टन सिमेन्ट 380 बोरी	5,65,418.25रु.
8976	31.3.96	जी0सी0आई0शीट्स 9.010 मी. टन	256740.00रु.
		(ख) पालमपुर उपमण्डल	
8876	30.3.96	दरवाजे, खिड़कियां तथा विविध सामान	356259.06रु.
8877	30.3.96	-------यथोपरि------	167954.44रु.
8773	30.3.96	-------यथोपरि--------	85909.10रु.
8901	30.3.96	-------यथोपरि-------	135276.80रु.

लगातार पृष्ठ 21 पर....

282 -

§ 17§ **स्टील/सरिया की अनुचित खपत की वसूली करने बारे :-**

पालमपुर उपमण्डल के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यों के क्रियान्वयन का ठेका विभिन्न संविदाकारों को दिया गया था । इन निर्माण कार्यों के निष्पादन हेतु सम्बन्धित संविदाकारों से किए गए अनुबन्धों के अनुसार इन निर्माण कार्यों पर प्रयोग होने वाली स्टील की मद का कार्य लेवर रेट पर किया जाना था जिसके फलस्वरूप ठेकेदारों को विभाग द्वारा न तो कोई स्टील दी गई तथा न ही इन ठेकेदारों से स्टील की कोई वसूली की गई । स्टील/सरिया का लेबर रेट होने के कारण स्टील के नियन्त्रण एवं खपत का पूरा हिसाब किताब विभाग द्वारा अपने स्तर पर रखा गया ।

पालमपुर उप मण्डल में निर्माणाधीन इन निर्माण कार्यों हेतु स्टील स्टील की खपत की जाँच के दौरान यह पाया गया कि इन कार्यों पर कुल वास्तविक खपत में 5 प्रतिशत स्टील की मात्रा वेस्टेज के रूप में अलग से जोड़ी गई है तथा भण्डार/एम०ए०एस० के खातों से स्टील की अन्तिम खपत, अलग से जोड़ी गई 5 प्रतिशत वेस्टेज की मात्रा को जोड़ कर की गई है । इस प्रकार स्टील की 100 कि० ग्राम वास्तविक खपत के लिए 105 कि० ग्रा० स्टील भण्डार खातों से जारी की गई दर्शाई गई है ।

स्टील/सरिया के खपत विश्लेषण अनुसार भी 100 कि० ग्रा० सरिया की खपत के लिए 5 प्रतिशत की दर से वेस्टेज के लिए प्रावधान है । सरिया क्योंकि अविनाशवान§ §
मद है । अतः स्टील के वास्तविक प्रयोग के समय 5 प्रतिशत वेस्टेज के बराबर जो सरिए के टुकड़े स्क्रैप के रूप में बच जाते हैं, को भण्डार खातों में दर्ज करना अनिवार्य है । Non-Perishable

उप मण्डल के कर्मचारियों द्वारा अपनाई गई वर्तमान प्रणाली अनुसार उक्त 5% सरिए की मात्रा को न तो निर्माण कार्यों पर प्रयोग किया गया और न ही स्क्रैप के रूप में इसका हिसाब किताब रखा जा रहा है ।

यहाँ यह भी स्पष्ट किया जाता है कि इसी मण्डल के अन्य उप-मण्डलों में जैसे कि सिहवाड़ी§धर्मशाला§ में शिक्षा बोर्ड के लिए बनाए जा रहे भवनों के निर्माण हेतु सरिया का थ्रू§ Through § रेट था, सरिया की खपत पर 5 % वेस्टेज का दावा नहीं किया गया था । अतः एक ही मण्डल में सरिया की खपत के लिए दो अलग-तरीके अपनाने बारे भी स्थिति स्पष्ट की जाए तथा पालमपुर उपमण्डल द्वारा वास्तव में खपत से 5% अधिक खपत दिखाना एक बहुत ही गम्भीर अनियमितता है तथा इस मामले में तुरन्त कार्यवाही करने की आवश्यकता है क्योंकि इस गलत तरीके/ढंग से सरिया के दुरुपयोग की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है । सरिया की वेस्टेज का विवरण निम्न दिया जाता है :-

लगातार पृष्ठ 22 पर.. ..

 — 283 -

क्र०	कार्य का नाम	माप पुस्तिका सं० व पृष्ठ	मास	सरिया का विवरण	सरिया का वास्तविक प्रयुत विवरण सहित कि०ग्रा०	5% वेस्टेज के रूप में दर्शाई गई सरिया की मात्रा कि०ग्रा०	एम०एस०एस. पृष्ठ सं०
1.	18 अदद केटेगरी-1 भवन विन्द्रावन	702/94पृष्ठ 96	5/95	12 एमएम	180	8.75	53
				8 एम.एम.	1720	82.00	53
2.	--यथोपरि--	770/95पृष्ठ 4	6/95	8 एम.एम.	291	15.23	53
3.	---यथोपरि--	770/95पृष्ठ 45	7/95	8 एम.एम.	370	17.60	54
4.	---यथोपरि--	770/95पृष्ठ 79	8/95	8 एम.एम.	230	11.00	54
5.	32 अदद केटेगरी-3 भवन विन्द्रावन	704/94पृष्ठ 77 (प्रस्तुत नहीं की गई)	5/95	12एम.एम.	950	50.00	63
				8 एम.एम.	2631	125.00	63
6.	---यथोपरि---	704/94पृष्ठ 96 (प्रस्तुत नहीं की गई)	6/95	8 एम.एम.	2780	130.00	63
				12 एम.एम.	1560	75.00	63
7.	---यथोपरि----	771/95पृष्ठ 20	7/95	8 एम.एम.	1212	57.70	63
				12एम.एम.	32	1.55	63
8.	--- यथोपरि---	771/95पृष्ठ 65	10/95	8 एम.एम.	1772	84.40	63
				12एम.एम.	48	2.32	63
9.	-----यथोपरि---	771/95पृष्ठ 99	11/95	8 एम.एम.	1760	83.78	63
				12एम.एम.	50	2.42	63
10.	----यथोपरि---	795/95पृष्ठ 33 (प्रस्तुत नहीं की गई)	2/96	8 एम.एम.	470	23.00	64
				12एम.एम.	195	9.00	64
11.	--- यथोपरि---	795/95पृष्ठ 51 (प्रस्तुत नहीं की गई)	3/96	8 एम.एम.	585	30.00	64
				12 एम.एम.	183	9.00	64
12.	21 अदद केटेगरी-2 भवन पालमपुर	731/94पृष्ठ 56	5/95	8 एम.एम.	650	30.97	2
				12एम.एम.	1360	64.90	2
13.	--- यथोपरि----	731/94पृष्ठ 59 व 60	7/95	8 एम.एम.	115	5.68	3
				12एम.एम.	236	11.22	3
14.	---यथोपरि---	731/94पृष्ठ 64	7/95	8 एम.एम.	488	23.46	3
				12एम.एम.	985	47.60	3
15.	--- यथोपरि--	772 पृष्ठ 15,21 25,28,31.	11/95	8 एम.एम.	4732	41.00	3
				12एम.एम.	322	2.88	3
16.	----यथोपरि--	772पृष्ठ 42	2/95	8 एम.एम.	1696	80.36	3
				12एम.एम.	495	23.80	3

लगातार पृष्ठ 23 पर....

— 284 -

(18) सक्षम अधिकारी से प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना ही सरिए/स्टील को ओवर वेट दर्शाकर कुल 1.770मी. टन अधिक खपत निकाल कर 28,430/=रूपये का अपव्यय/हानि:-

जी. आर. संख्या: 2320 दिनांक 7.7.95 द्वारा 9.035 मी. टन 8 एम.एम. साईज का सरिया मै. सूद स्टील इन्डस्ट्री कन्दरोड़ी से क्रय किया गया । यह सरिया स्वत: वित्तिय योजना के अधीन विन्द्रावन(पालमपुर) में निर्मित किए जा रहे 21 अदद मकानों पर उपयोग किया गया । सरिए का कार्य श्री अवनी कुमार ठेकेदार द्वारा लेवर रेट पर करवाया जा रहा था ।

सहायक अभियन्ता के पत्र संख्या एच0वी0 /ए.ई/पी/एस-1/95 -1144 दिनांक 26.12.95 द्वारा अधिशासी अभियन्ता धर्मशाला को सूचित किया गया कि उपरोक्त जी. आर. द्वारा प्राप्त किया गया सरिया मानक भार(Standard weight) का नहीं था क्योंकि इसका भार निर्धारित 0.39 कि.ग्राम प्रति मी. की दर से न होकर 0.485 कि.ग्राम प्रति मीटर था । उपरोक्त पत्र के उत्तर में अधिशासी अभियन्ता द्वारा सहायक अभियन्ता को निर्देश दिया गया कि उपरोक्त सरिया की खपत का विवरण अलग से रखा जाए तथा इसकी खपत हेतु 0.39 कि.ग्राम प्रति मीटर की बजाए 0.385 कि.ग्रा. प्रति मीटर का फैक्टर लगाया जाए ! इसके अतिरिक्त यह भी निर्देश दिए गए कि सरिए की छड़ों (bars) में अन्तर भी भार के अनुसार बढ़ा दिया जाए ।

उपरोक्त विवरण से विदित होता है कि उक्त प्राप्त किए गए सरिए के अधिक भारी होने बारे मण्डलीय अधिशाषी अभियन्ता द्वारा न तो कोई प्रत्यक्ष सत्यापन ही किया गया और न ही यह तथ्य उच्चाधिकारियों के शीघ्र ध्यान में लाकर आवश्यक प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया कि यह सरिया वाकया ही ओवर वेट था । यह प्रमाण पत्र सरिये की प्राप्ति के समय प्राप्त किया जाना वांछित था ।

इसके अतिरिक्त ठेकेदार को सरिए के निर्माण कार्य से सम्बन्धित किए गए कार्य की मात्रा की लागत का लेवर रेट पर भुगतान करते समय रनिंग मीटरों में की गई पैमाइश को कि.ग्रा. में बदलते समय भी निर्धारित 0.39 कि.ग्रा. प्रति मीटर का ही फैक्टर लगाया गया ।

उपरोक्त विवरण से विदित है कि सरिए के ओवर वेट होने बारे सक्षम अधिकारी से आवश्यक प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना ही एम.ए.एस. रजिस्टर पर सरिए की खपत निर्धारित 0.39 कि.ग्रा. प्रति मीटर की दर से दिखाए जाने की बजाए 0.485 कि.ग्रा.प्रति रनिंग मीटर दर्शाई गई तथा सरिए के ओवर वेट होने के कारण स्टील की छड़ियों के बीच अन्तर को बढ़ाए जाने बारे भी कोई अभिलेख अंकेक्षण पर प्रस्तुत नहीं किया गया तथा सम्बन्धित कोई फर्म से भी इस सन्दर्भ में कोई पत्राचार नहीं किया गया । अत: सहायक अभियन्ता

लगातार पृष्ठ 24 पर...

द्वारा निम्न दिया गया :-

दिनांक 17.7.1993 द्वारा 34,57,665.85 (88.36% रूपए)

2,84,332.40 (273.44% ")...

द्वारा सरिया के ओवर वेट दर्शाए जाने वाले तथ्यों की पुष्टि नहीं होती है ।

यह मामला शीघ्र उच्चाधिकारियों के ध्यान में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही हेतु लाया जाता है । इस सन्दर्भ में तथ्यों की छानबीन करके जांच के परिणामों से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए अन्यथा सरिए की खपत हेतु गलत फैक्टर लगाकर अधिक खपत दर्शाकर आवास बोर्ड को निम्न विवरणानुसार हुई 28,430/=रुपये की हानि की राशि की दोषी से शीघ्र वसूली की जाए ।

प्राप्त किया गया कुल सरिया	=9.035मी. टन 8 एम.एम.
निर्धारित 0.39 कि.ग्रा. प्रति मी. फैक्टर लगाने पर खपत होनी चाहिए थी	=23167 मीटर
ओवर वेट दर्शाकर खपत हेतु 0.485कि.ग्रा. प्रति मीटर फैक्टर लगाने पर खपत दर्शाई गई	=18629 मीटर
कम खपत दर्शाई गई	= 4538 मीटर अर्थात 1770 कि.ग्रा.
सरिए की जारी दर से कुल कीमत	= 1.770×16,062/=रुपये प्रति मी. टन
	= 28430/=रुपये

(19) <u>कार्य का नाम</u> :- स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की आवासिय कलौनी सिहवाड़ी -18 नं0 श्रेणी -III के मकानों का निर्माण, आन्तरिक जल सपलाई व सैनीटेशन इन्स्टालेशन सहित:-

<u>कार्य अनुबन्ध संख्या</u>:- 6 वर्ष 1995-96

संविदाकार का नाम   श्री डी.डी. जैन

संविदाकार श्री डी.डी. जैन को कार्य आवासिय कलौनी सिहवाड़ी (18 नं0 श्रेणी-III के मकानों का निर्माण आन्तरिक जल आपूर्ति एवं सैनेटरी इन्स्टालेशन) के चौथे चलित बिल के दौरान किए गए कार्य के लिए किया गया । इस कार्य के प्रथम चलित बिल से लेकर चौथे चलित बिल तक का विस्तृत अंकेक्षण करने पर निम्न आपत्तियां पाई गई :- वाउचर सं0 159 माह 3/96 राशि 78678.00रुपये का भुगतान

(क) बिल मद सं0 4/(ख)(एच)(हि0 प्र0 मानक दर अनुसूची 1987 की सं0 9.31 द्वारा वर्णित कार्य) की मात्रा 70.93 घन मी. का भुगतान ठेकेदार को 1600/=रुपये प्रति घन मी. की दर से किया गया । मात्रा में निम्न विवरणानुसार 44.21 घन मी. मात्रा कालम के पोरशन से सम्बन्धित थी ।

मापन पुस्तिका सं0	पेज	मात्रा
786/95	31	16.17 घन मी.
786/95	5	28.04 " "
	योग	44.21 घन मी.

लगातार पृष्ठ 25 पर...

... दिया गया :-
... 17.7.1993 द्वारा ... 34,57,665.85 (80.36% उपर)
... (273.44% ")
... 36 पर...

286

उपरोक्त कार्य मात्रा की गणना की जाँच करने पर पाया गया कि कालम के टेपर्ड पोरशन से सम्बन्धित सीमेन्ट कन्क्रीट की मात्रा ज्ञात करने के लिए सूत्र $H/3 (A_1 + A_2 + \sqrt{A_1 \times A_2})$ का प्रयोग न करके किसी अन्य सूत्र का प्रयोग किया गया था । उपरोक्त सूत्र के प्रयोग न करने से संविदाकार को निम्न विवरणानुसार उपरोक्त मद की कार्य मात्रा 8.73 घन मी. दर 1600/=रुपये प्रतिघन मी. राशि 13968.00रुपये का अधिक भुगतान किया गया :-

(1) मापन पुस्तक सं0 786/95 पेज 5

कालमों की सं0	A_1 Base Area m^2	A_2 Top Area m^2	H mt	देय मात्रा m^3	दत्त मात्रा m^3
7	5.06	.16	.55	7.84	10.04
6	4.62	.16	.50	5.64	7.17
8	3.80	.16	.40	5.05	6.33
8	3.06	.16	.40	4.18	4.50
				22.71	28.04

(2) मापन पुस्तक 786/95 पेज 3 ।

कालमों की सं0	A_1 Base Area m^2	A_2 Top Area m^2	H mt	देय मात्रा m^3	दत्त मात्रा m^3
5	5.06	.16	.55	5.60	7.17
3	4.62	.16	.50	2.82	3.58
4	3.80	.16	.40	2.52	3.17
4.	3.06	.16	.35	1.83	2.25
				12.77	16.17

(1)+(2)	देय मात्रा m^3	दत्त मात्रा m^3	अन्तर m^3
	35.48	44.21	8.73

अतः उपरोक्त अधिक भुगतान की गई राशि 13968/=रुपये की वसूली उचित माध्यम से शीघ्र करके अनुपालना से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए ।

(3) निर्माण मद सं0 7/14 (मानक दर अनुसूची 1987 की मद सं0 11.7(d) द्वारा अंकित कार्य की मात्रा 01.15 घन मी. का भुगतान संविदाकार को 850/=रुपये प्रति घन मी. की दर से किया गया । विभाग द्वारा संविदाकार को उपरोक्त कार्य मात्रा के लिए उप उपरोक्त कार्य में खुदाई से प्राप्त सामग्री ऐवल पत्थर मात्रा 99 घन मी जारी किया गया । इन पत्थरों की वसूली 80 रुपये प्रतिघन मी.

लगातार पृष्ठ 26 पर....

287 -

की दर से की गई जब कि कार्य अनुबन्ध की जनरल स्पेशीफिकेशन व कन्डीशन नं0 38 के अनुसार खुदाई के दौरान प्राप्त पत्थरों को HP PWD Schedule Rate + Premium quoted by contractor की दर से संविदा कार को जारी करने का प्रावधान था । इस शर्त के अनुसार संविदाकार को जारी सर्विस ऐवल पत्थरों की वसूली दर निम्न प्रकार निश्चित होनी चाहिए थी

(1) हि0 प्र0 मानक दर अनुसूची 1987 की मद सं0 2.29 (क) की दर = 64.00रुपये
15% ठेकेदार का लाभ व ओवर हैड चार्जिज 9.60रुपये

73=60रुपये

(2) ठेकेदार का प्रिमियम
SR massonry in F&P in cm 1:6 पर आधारित

$$\frac{833-417.05}{417.05} \times 100 = 99.73\%$$ 73.40रुपये

अतः वसूली दर (1) + (2) =73.60+ 73.40=147.00रुपये

इसके अतिरिक्त हि0 प्र0 मानक दर अनुसूची 1987 की मद सं0 11.7( ) की दर 417.05 रुपये की विस्तृत विश्लेषण (Analysis) की जांच करने पर पाया गया कि उपरोक्त मद की दर ज्ञात करते समय Block stones undressed ( ) की दर 64/-रुपये प्रति घन मी. लगाई गई थी । अतः संविदाकार से विभाग द्वारा जारी सर्विस ऐवल स्टोनस की मात्रा 99 घन मी. की वसूली 147.00रुपये प्रति घन मी. की दर से करनी वांछित थी । लेकिन मण्डल द्वारा पत्थरों की वसूली 88रुपये प्रति घन मी. की दर से की गई जो कि वास्तविक वसूली दर से 59रुपये प्रति घन मी. कम थी अतः संविदाकार से कम वसूल की गई राशि 5841.00रुपये (99 घन मी. x59 रुपये प्रतिघन मी.) की वसूली तुरन्त करना सुनिश्चित किया जाए ।

(ग) बिल मद संख्या 5/10 हि0 प्र0 मानक दर अनुसूची 1987 की मद सं0 9.41 (बी) द्वारा वर्णित कार्य की मात्रा 31532 किलो ग्राम का भुगतान दर 16.00रुपये प्रति किलो ग्राम से किया गया । इस कार्य मात्रा की रिकार्ड प्रविष्टियों की जांच करने पर पाया गया कि निम्न व्यास के स्टील को मीटरों से किलोग्राम में बदलते समय मानक कनवरसन फैक्टरों का प्रयोग नहीं किया गया जिससे संविदाकार को कार्य मात्रा 1161.39 किलोग्राम दर 16.00 रुपये प्रति किलो ग्राम से राशि 18582.24रुपये का अधिक भुगतान किया गया । अधिक भुगतान की गई मात्रा का विवरण निम्न प्रकार था ।

लगातार पृष्ठ 27 पर...

- 288 -

माप पुंस्तिका संख्या	पेज नं0	स्टील सरिए का व्यास	की लंबमी0	लगाया गया फैक्टर	मानक फैक्टर	देय मात्रा किलो	दत मात्रा किलो	अन्तर किलो
707/95	10, 18, 22	8एम.एम.	8761.31	.49	.39	3416.91	4293.04	876.13
-"-	22,38,43, 45,47.	-"-	13358.76	.395	.39	5209.96	5276.71	66.80
-"-	10,18,22	10एम.एम.	3134.15	.68	.62	1943.17	2131.22	188.05
-"-	10,18,22,38 43,45,47.	22एम.एम.	1525.31	3.00	2.98	4545.52	4575.93	30.41
					योग			1161.39

अतः अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली करना सुनिश्चित की जाए ।

"घ" बिल मद सं0 10/6 हि0 प्र0 मानक दर अनुसूची दर 1987 की मद सं0 9.27 द्वारा वर्णित कार्य की मात्रा 12.12 वर्ग मीटर का भुगतान 100 रुपये प्रति वर्ग मी. की दर से संविदाकार को किया गया इस कार्य मात्रा की रिकार्ड प्रविष्टियों की जांच करने पर पाया गया कि मात्रा के मापन के दौरान इस मात्रा में से दरवाजों की मात्रा की कटौती नहीं की गई थी जिसके कारण उपरोक्त कार्य मात्रा में 4.65 वर्ग मी. की मात्रा का अधिक भुगतान किया गया । इस अधिक भुगतान की गई मात्रा का विवरण निम्न प्रकार था :-

6 नं0 मकानों के लिए मात्रा

डी0 6×3'-0" ×0-6" =9.00 वर्ग फुट
डी1 2 × 2'-9" ×0-6" =2.75 "
डी2 4×2'-6" ×0-6" =5.00 "

16.75 फुट या 1.55 वर्ग मी.

अतः 18 नं. मकानों के लिए मात्रा =1.55×3=4.65 वर्गमी.
इसलिए संविदाकार को राशि 465.00रुपये (4.65 वर्गमी.)×100=00 रुपये प्रति वर्ग मी.) का अधिक भुगतान किया गया । इसी प्रकार बिल मद सं0 11/7 हि0प्र0 मानक दर अनुसूची 9.30 द्वारा वर्णित कार्य की मात्रा 12.12 वर्ग मी. का भुगतान 50.00रुपये प्रति वर्ग मी. की दर से संविदाकार को किया गया । इस कार्य मात्रा में उपरोक्त वर्णित कार्य मात्रा 4.65 वर्ग मी. की कटौती नहीं की गई । इस प्रकार संविदाकार को उपरोक्त मात्रा के भुगतान में 4.65 वर्ग मी. की मात्रा दर 50/-रुपये प्रति वर्ग मी. राशि 232.50रुपये का अधिक भुगतान किया गया । अतः यह अधिक भुगतान की गई राशि 697.50रुपये की वसूली ठेकेदार से शीघ्र की जाए ।

(ड.) कार्य के चौथे चलित बिल तक सीमेन्ट की 1793 बोरियों की खपत की जा चुकी थी । कार्य अनुबन्ध की क्लाज 42(1)(i) के अनुसार प्रत्येक चलित बिल के साथ आधिकृत खाली सीमेन्ट बैग कोटिंग

लगातार पृष्ठ 28 पर...

द्वारा निम्न दिया गया :-

दिनांक 17.7.1993
1) सीमित कार्य 34,57,665.85 (88.36% ऊपर)
2) ... 2,04,232.40 (273.44% ")

लगातार पृष्ठ 36 पर....

— 289 —

अभिकर्ता द्वारा प्राप्त वाली बोरियों की मात्रा का प्रमाण पत्र संलग्न होना चाहिए था । प्रथम चलित बिल से चौथे चलित बिल तक किसी भी बिल के साथ उपरोक्त वांछित प्रमाण संलग्न नहीं था । अत: उपरोक्त नियम के तहत संविदाकार से राशि 1613.70रुपये § 1793 ×90% ×1रुपये प्रति बोरी§ की वसूली की जानी वांछित थी । अत: राशि 1613.70रुपये की वसूली उचित माध्यम से शीघ्र की जाए ।

§20§ आंशिक स्वय वित्त योजना विन्दरावन पालमपुर में 25 नं0 श्रेणी-II के मकानों का निर्माण § आन्तरिक जल आपूर्ति और सैनेटरी इन्स्टालेशन सहित §

कार्य अनुबन्ध सं0 4 वर्ष 1995-96 संविदाकार का नाम श्री डी.डी. जैन .

